आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 08.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भ्रष्टाचार एक बीमारी है और इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कई पहल की हैं। इनमें से कुछ पहलों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना और ई मार्केटप्लेस का उदाहरण दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्वास किसी भी समाज की नींव होता है जबकि भ्रष्टाचार समाज में विश्वास को कम करता है। केंद्रीय सतर्कता आयुक्त पी के श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए कई उपाय किये गये हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग ने कर्मचारियों की क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया है। गौरतलब है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है।

........................

भारतीय सैन्य विरासत का दूसरा वार्षिक महोत्सव आज से नई दिल्ली में आयोजित हो रहा है। दो दिन के इस महोत्सव का उद्देश्य वैश्विक और भारतीय विचारकों, निगमों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उपक्रमों, ग़ैर–लाभकारी संस्थाओं और शिक्षाविदों का ध्यान भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति, सैन्य इतिहास और विरासत पर केंद्रित करना है। इस अवसर पर शौर्य गाथा का भी शुभारंभ किया जाएगा। शौर्य गाथा सैन्य मामलों के विभाग और यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया की एक पहल है जिसका उद्देश्य शिक्षा और पर्यटन के माध्यम से सैन्य विरासत को संरक्षित करना और इसे बढ़ावा देना है।

........................

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए हो रहे प्रचार के तहत प्रत्याशी और उनकी पार्टियों के वरिष्ठ नेता जनसंपर्क और सभाओं के माध्यम से अपने पक्ष में मत जुटाने के लिए कड़े प्रयास कर रहे है। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का देवली में पार्टी प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर के समर्थन में जनसभा का कार्यक्रम है। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल भी उपस्थित रहेंगे। आज ही सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार–प्रसार करेंगे। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज रामगढ़ सीट पर प्रत्याशी सुखवंत सिंह के समर्थन में जन संपर्क किया। उधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आज रामगढ़ से पार्टी प्रत्याशी आर्यन जुबेर के समर्थन में जनसभाएं करेंगे।

........................

चार दिवसीय छठ पूजा समारोह आज सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया है। लाखों श्रद्धालुओं ने विभिन्न नदियों के तटों पर सूर्य देव और छठी मैया को अर्घ्य दिया। इसके अलावा कई क्षेत्रों में लोगों ने झीलों, जलाशयों और अस्थायी रूप से छतों पर जल संग्रह कर छठ पर्व मनाया। प्रदेश में भी श्रद्धा और उल्लास के साथ घाटों पर पानी में खडे होकर श्रद्धालुओं ने सूर्य देव और छठ मैया की आराधना की। गलता घाट पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई। इसके अलावा जयपुर के 200 से अधिक स्थानों पर छठ श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किये गये। पूजा सम्पन्न होने के बाद आतिशबाजी भी की गई। हनुमानगढ़ में महिलाओं और पुरूषो ने सूर्य देव की आराधना कर विभिन्न पकवानों, फलों और मिठाईयों का भोग लगाया। भरतपुर में भी गुड़ की खीर और नये चुल्हे पर रोटी पकाकर मान्यतानुसार पूजा की गई। वहीं पाली में लाखोटिया स्थित घाट पर श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन किया। इधर रेलवे छठ पूजा के बाद यात्रियों की वापसी

को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आज 500 से अधिक विशेष रेलगाडियां चला रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से भी कई विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

........................

बाड़मेर में आज रोज़गार सहायता शिविर लगाया जा रहा है। कौशल, नियोजन और उद्यमिता विभाग की ओर से आदर्श स्टेडियम में आयोजित इस शिविर में युवाओं को रोज़गार के संबंध में सहायता के लिए विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल्स लगाई गई है। इसके अलावा शिविर में रोज़गार संबंधी जानकारी, साक्षात्कार कौशल और करियर निर्माण से संबंधित परामर्श भी दिया जा रहा है।

........................